तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

वीर सपूतों ने की अदम्य साहस दिखाकर देश की रक्षा
4



## खबर संक्षेप

### पीएम मन की बात का लाइव प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम का प्रसारण रविवार 27 जुलाई को सुबह 11 बजे से होगा। मन की बात का प्रसारण टेलीविजन दूरदर्शन रेडियो एवं अन्य चैनलों के माध्यम से किया जाएगा। **इस संबंध में जानकारी देते हुए** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चांपा के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने बताया रविवार 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे मोदी के भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चांपा जिला के समस्त मंडल अध्यक्ष महामंत्री आवश्यक सूचना समाचार भाजपा कार्यकर्ताओं को देने एवं मोदी के मन की बात को किसी के घर में गुड्डी में चौपाल में सार्वजनिक स्थान पर भाजपा कार्यकर्ता आम जनता के साथ भाजपा नेता सुनेंगे। मन की बात सुनने के पश्चात उसी बूथ केंद्र पर पार्टी की संगठनात्मक बैठक भी होगी। मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विशेष तौर पर उल्लेख करते हैं। जिससे आम जन को जानकारी मिलती है।

### 9वीं में प्रवेश के लिए द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट एवं जिलें की वेबसाइट पर जारी की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग की 28 जुलाई को निर्धारित किया गया है। काउंसलिंग 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे प्रवास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर में किया जाएगा।

### बालिका से छेड़छाड़, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली 11 जुलाई 2025 के दोपहर में नाबालिक बालिका को सूनेपन का फायदा उठाकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता जोर से चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा मे धारा 74 बीएनएस 8 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी लोकेश कुमार बंजारे निवासी कोटमीसोनार को को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिह क्षत्रिय, प्रधान आरक्षक राजकुमारी मार्को प्रधान आरक्षक विवेक सिंह का योगदान रहा।

### पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढों के कारण आवागमन दूभर

# बरसात में जलावर्धन का काम लोगों के लिए बना जी का जंजाल, हर ओर कीचड़ और जलभराव



सड़क किनारे चल रहा पाइप लाइन विस्तार कार्य



कीचड़युक्त सड़क पर फंसी कार



कीचड़ से सराबोर सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर में पेयजल सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की गई जल आवर्धन योजना अब नागरिकों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। बरसात में चल रहे काम ने नगरवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। पाईप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढों के कारण हर ओर कीचड़ और जल जमाव हो रहा है।

सक्ती नगर में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत सोठी फाटक से लेकर नाका चौक तक पाइपलाइन बिछाने के कार्य में भारी लापरवाही और अनियमितता उजागर हो रही है। बरसात में खोदी गई सड़के मुसीबत बढ़ा रही है। इन दिनों हो रही भारी बारिश के बीच मोहल्लों की गलियां और सड़कें खोद दी गई हैं, जिससे मोहल्लेवासी कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे है। घरों तक पहुंचना दूभर हो गया है और कई जगहों पर घर के अंदर तक पानी भर गया है। राहगीर, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग सभी को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पाइपलाइन डालने के दौरान न तो गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और न ही कार्यस्थल पर कोई सुरक्षा मानक अपनाए जा रहे हैं। खुदाई के बाद सड़कों को समतल नहीं किया जा रहा, जिससे गड्ढों और कीचड़ में फिसलने से चोट लगने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

### आंदोलन का मन बना रहे नगरवासी

जल आवर्धन के काम में बरती जा रही लापरवाही से नाराज नगरवासी अब आंदोलन का मन बना रहे है। इस लापरवाही को लेकर पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव द्वारा कलेक्टर को लिखित शिकायत दी जा चुकी है। उन्होंने जलावर्धन योजना में हो रही अनियमितताओं और घटिया कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताते हुए शीघ्र जांच और कार्रवाई की मांग की थी, परंतु आज पर्यंत कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने स्पष्ट किया है कि यदि कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो वे प्रदर्शन और घेराव करने को मजबूर होंगे। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके का निरीक्षण करे और दोषी ठेकेदार या इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### प्रशासनिक जवाबदेही से बच रहे अधिकारी

जल आवर्धन योजना के कार्य के संबंध में जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडेय से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि हाल ही में पदस्थ होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। सीएमओ ने इस विषय की पूरी जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए तकनीकी जानकारी संबंधित इंजीनियर से मिल पाने का हवाला दिया।

### कराएंगे जांच

जल आवर्धन योजना के काम के संबंध में जानकारी मिली है। मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-अमृत विकास तोपनो,
कलेक्टर, सक्ती

## टल गया बड़ा हादसा...



**जांजगीर-चांपा।** नैला रेलवे स्टेशन से पहले रायगढ़ मेमू लोकल शनिवार को दो मालगाड़ियों के बीच एक ही ट्रेक पर फंस गई। एक ही ट्रेक पर काफी देर तक तीनों दौड़ती रही। बाद में तीनों ट्रेन को रोककर मौके से एक एक कर रवाना किया गया।

# नालों का जल स्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में घुसा पानी, बारिश थमने से टला बाढ़ का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में शनिवार को बारिश थमने से बाढ़ का खतरा टल गया। हालांकि दो दिनों की बारिश से नदी -नालों के उफान पर आने के कारण पानी तटीय इलाकों में घुस गया। नालों के पानी ने आसपास की खेतों को जलमग्न कर दिया। बाढ़ का खतरा टलने से तटीय इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है।

पिछले दो दिनों से जिले समेत ऊपरी क्षेत्रो में हो रही बारिश ने लोगों की चिंता बढा दी थी। नदी और नालो का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा था। शुक्रवार की शाम तक नालों के उफान पर आने के कारण पानी तटीय इलाकों में घुस गया। नालों के पानी ने आसपास की खेतों को जलमग्न कर दिया। नालों के आसपास बने घरों तक पानी पहुंच गया था । शिवरीनारायण क्षेत्र में कंजी नाला उफान पर आने से कई गांव में बाढ़ की स्थिति बन गई। कलेक्टर ने बाढ़ राहत दल को एलर्ट कर दिया था। शुक्रवार की रात कामता में कंजी नाला का पानी तटीय बस्ती में घुस गया। गांव के करीब 20 घर में पानी घुस गया। प्रशासन का राहत बचाव दल भी गांव में पहुंच गया था। प्रभावित लोग रात में अपने पहचान के अन्य लोगों के घर चले गए थे। हालांकि शनिवार को बारिश थम गई, जिसके कारण खतरा टल गया। इसके बाद शाम तक सब अपने घर लौट गए। इधर तुस्मा के पास रिंगनी-कुकदा मार्ग पर कंजी नाला के पुल के ऊपर शाम तक 2 फीट पानी चल रहा था। क्षेत्र के नालों के पुल पर पानी चलने से शनिवार को भी आवागमन बाधित रहा। इधर बिलासपुर-पामगढ मार्ग में कुटीघाट के लीलागर नदी पुल का पानी भी शनिवार को उतर गया और दोपहर बाद आवागमन बहाल हो गया।



कुटीघाट में लीलागर नदी पुल पर शनिवार दोपहर बाद शुरू हुआ आवागमन।

### खनिज विकास निगम अध्यक्ष ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का लिया जायजा



बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे सौरभ सिंह।

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने न्युवोकों सीमेंट संयंत्र के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। विगत कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते अकलतरा विकासखंड के ग्राम आरसमेटा स्थित न्युवोको सीमेंट संयंत्र गोपाल नगर के कॉलोनी एवं स्कूल सहित अन्य स्थानों पर बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। क्षेत्र के निवासी स्वयं एवं परिजनों के जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत हो रहे थे। नन्युवोको सीमेंट संयंत्र परिक्षेत्र में पानी का स्तर नीचे करने के बाद शनिवार 26 जुलाई को छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के द्वारा पूरे क्षेत्र का दौरा किया गया एवं क्षेत्र वासियों के नुकसान का जायजा लेते हुए प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश पाटले, ग्राम पंचायत अमोर सरपंच प्रतिनिधि नवल सिंह, सुमित सिंह चंदेल उपस्थित थे।

# पूर्व सरपंच के पुत्र की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पूर्व सरपंच के बेटे की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शराब पीने के बाद हुए विवाद पर टांगी से वारकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना के चंद घंटों के भीतर ही आरोपियों को पकड़ लिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नैला चौकी अंतर्गत ग्राम बोड़सरा में पानी से भरे गडढे में 25 जुलाई को सिवनी के पूर्व सरपंच के बेटे अर्जुन चौहान की लाश मिली थी। सिर पर चोट के गंभीर निशान थे। जिससे पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को आरोपियों का सुराग मिला। इस आधार पर पुलिस ने ग्राम सिवनी निवासी 21 वर्षीय सागर सूर्यवंशी और 24 वर्षीय हर्ष सूर्यवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अर्जुन चौहान के साथ शराब पीने गए थे। शराब पीने के बाद अर्जुन के साथ उनका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर तैश में आकर अपने पास रखी टांगी से उसके सिर पर वार कर दिया। टांगी के वार से अर्जुन की मौत हो गई। शव को ग्राम सिवनी बोड़सरा के बीच इंदिरा आवास मोहल्ला खेत तरफ फेक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को धारा 103 (1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर शनिवार 26 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### पुरानी रंजिश पर प्राणघातक हमला, 5 गिरफ्तार



मुलमुला थाना क्षेत्र के कोनारगढ़ में पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर डण्डा, राड से हत्या करने के नियत प्राणघातक हमला करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा 24 जुलाई को कोनारगढ़ में तनीश पटेल के साथ हुये वाद विवाद की बात को लेकर रंजिश रखते हुए राड, डण्डा, बेल्ट लेकर घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देकर प्राणघातक हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर मुलमुला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी अजय केंवट, नीतिश यादव, प्रदीप पटेल, रामनारायण साहू, अरूण साहू को गिरफ्तार किया। वहीं प्रकरण में शामिल विधी से संघर्षरत 4 बालक को विधिवत किशोर न्यायालय पेश उपरांत बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

### 32 लीटर शराब व 13 किलो महुआ लहान के साथ 3 गिरफ्तार

**मालखरौदा।** अवैध शराब कारोबारियों पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत तीन प्रकरण में 32 लीटर कच्ची महुआ शराब व 13 किलो महुआ लहान को बरामद करने की कार्रवाई की गई है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 26 जुलाई को ग्राम जमगहन में शुकबाई खूंटे द्वारा महुआ शराब बनाकर अपने घर में बिक्री हेतु छुपा के रखने की मुखबिर सूचना मिली। आबकारी विभाग ने मालखरौदा निवासी शुकबाई खूंटे पति भुनेश्वर के घर पर दबिश देने पर 15 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब व 48 नग प्लास्टिक बोरियों प्रत्येक में 20-20 किग्रा कुल 960 और महुआ व 17 नग यीस्ट का पैकेट बरामद किया। ग्राम चरौदी में घसियाराम भारद्वाज पिता लोखीराम के घर से 10 लीटर व 20 नग प्लास्टिक डिब्बों में प्रत्येक में 20-20 कि ग्रा भरा कुल 400 किग्रा महुआ लाहन तथा करीगांव निवासी माहेश्वरी लहरे के घर से 7 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब बरामद किया। धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियम व सायबर अपराध के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



यातायात पुलिस द्वारा जिले के स्कूलों में जा- जाकर छात्र छात्राओं को यातायात नियम व सायबर अपराध के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही नाबालिको के द्वारा वाहन नही चलाने, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नही चलने, हेलमेड पहन कर मोटर सायकल चलाने, तेज गति में वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जांजगीर -चाम्पा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा थाना चांपा क्षेत्र के लायंस स्कूल चांपा में यातायात नियमों के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना एक स्वैच्छिक नागरिक सहायता कार्यक्रम है। इसमें कोई भी आम व्यक्ति जो दुर्घटना के बाद घायल को उसे 25 हजार रूपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE



किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएं:
- लेजर से पथरी का इलाज –बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### छग चेंबर ऑफ कामर्स की कार्यकारिणी गठित





**कोरबा।** छग चेंबर ऑफ कामर्स एडं इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष कमल सोनी की सहमति से कोरबा इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवालके द्वारा की गई है। कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित संरक्षक लखनलाल देवांगन, कंवर लाल मनवानी, संरक्षक श्रीकांत बुधिया, अशोक मोदी, राजेंद्र अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, श्यामसुंदर सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रमानी, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष सुरेश चावलानी, उपाध्यक्ष संजय बुधिया, गौरी शंकर अग्रवाल, नितिश डालमिया, पवन अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, जनरल सिंह, रवि लालवानी, कैलाश टाक, रोहित असरानी, प्रेमचंद, रामचंदानी, सुभाष अग्रवाल, तुलसी राजपूत, घनश्याम अग्रवाल, इसी तरह मंत्री में मनीष अग्रवाल, दीपक मित्तल, अखिलेश गोयल, यश भट्त, नरेश वर्मा एवं दिनेश सोनी शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में जयंत अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, प्रियंक गोयल, मोहन नागवानी, टेकचंद रमानी, मुकेश कसेर, शरद खुल्लर, दिनेश अग्रवाल को शामिल किया गया है।

### जंगल से निकलकर गांव में पहुंच रहे सियार

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत आने वाले जटगा और केंदई रेंज के जंगल से निकलकर आसपास के गांव में सियार आतंक मचा रहे हैं। 4 से 5 की संख्या में सियार दिनदहाड़े और रात के वक्त बच्चों से लेकर बड़े और जानवरों तक को अपना निशाना बना रहे हैं। सियारों ने एक हफ्ते से आतंक मचा रखा है और कई लोग इससे प्रभावित हो चुके हैं लेकिन सूचना देने के बाद भी वन विभाग के कर्मचारियों का रवैया उदासीन बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सियार वैसे तो करीब एक महीने से परेशान कर रहे हैं लेकिन पिछले एक हफ्ते से इनका आतंक कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। ग्राम हड़मोड़ में सियार ने घर के बाहर खेल रहे 3 साल के मासूम बच्चे को दिनदहाड़े काट लिया। तीन दिन पहले ही शाम के वक्त ग्राम कोटवार शंकर को सियार ने तब काट लिया जब वह शोर मचने पर अपने घर के दरवाजे पर आकर खड़ा था। एक ग्रामीण ने बताया कि वन कर्मियों को जानकारी दी गई थी कि सियार आतंक मचा रहे हैं और 3 साल के बच्चे को भी काट लिया है। ग्राम हड़मोड़ के अलावा देवमट्टी, आमाटिकरा जटगा आदि आसपास के गांव में सियारों की दहशत है।

### सेजस मदनपुर में धूमधाम से मनाया गया लोकपर्व हरेली



**कटघोरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर में हरेली पर्व पर कृषियंत्रों की पूजा अर्चना की गई। प्रभारी प्राचार्य विनोद जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रकृति प्रेम की सीख दी। हरेली पर्व को अन्नदाता किसानों को समर्पित करते हुए आर्थिक विकास में पशुओं के योगदान को बताया। कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, सितारा अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को नीम की पत्ती के प्रयोग के पीछे छुपे वैज्ञानिक कारणों को समझाया। कक्षा 10वीं की छात्रा तनीषा ने प्रातः गौधन को नमक खिलाने, खेतों में नीम और भेलवा के डंगाल से धान के पौधे पर कीटों के प्रभाव के रोकथाम हेतु कारगर बताया। गेंड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गेंड़ी दौड़ में बालक वर्ग से लोकेश प्रथम, प्रशांत द्वितीय एवं अजीत तृतीय बालिका वर्ग से तनीषा प्रथम, तनीषा द्वितीय एवं कविता तृतीय स्थान पर रहे। स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने मिलकर पौधों का रोपण किया।

## पिछले वर्ष घोषणा की गई थी समितियों में च्वाइस सेंटर संचालन की

# सहकारी समिति हुई ऑनलाइन, च्वाइस सेंटर शुरु करने ऑपरेटर भर्ती की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




दो वर्ष की तकनीकी कार्यों को अंजाम देते हुए जिले के सभी 41 सहकारी समितियों को ऑनलाइन किए जाने के बाद अभी भी कुछ समितियों में च्वाईस सेंटर का संचालन डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती नहीं होने से शुरु नहीं हो सका है। पिछले वर्ष शासन के द्वारा सभी समितियों में च्वाईस सेंटर शुरु करने की घोषणा की गई थी।

**खास बात**

- दो वर्ष से चल रहा था समितियों के ऑनलाइन करने का कार्य

सहकारी समितियों के रिकार्ड को ऑनलाइन करने धान खरीदी में होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी सहकारी समितियों को ऑनलाइन करने का कार्य वर्ष 2023 में शुरु किया गया था जो इस वर्ष पूरा हो चुका है और सभी रिकार्ड ऑनलाइन होने के बाद किसानों के सुविधा के लिए राज्य शासन के द्वारा सहकारी समितियों में ही च्वाईस सेंटर शुरु करने की घोषणा की गई थी। उस घोषणा पर अमल करते हुए कुछ बड़ी समितियों में इसकी शुरुआत तो कर दी गई लेकिन अभी भी कुछ समितियां ऐसी है जिनकी संख्या 20 के लगभग हैं। इन समितियों में च्वाईस सेंटर शुरु नहीं हो सके हैं। धान खरीदी के साथ पीडीएस के संचालन एवं धान बीज के रिकार्ड अपडेट करने के लिए एक ही डाटा एंट्री पदस्थ है। जिसकी वजह से च्वाईस सेंटर का काम नहीं हो पाता। जबकि च्वाईस सेंटर के संचालन के लिए सभी समितियों में अलग से डाटा एंट्री भर्ती करने के लिए जरुरत सहकारिता विभाग ने जताई है। विभाग की मानें तो समितियों में पहले की तुलना में काम ज्यादा होने के कारण तकनीकी कर्मचारियों की जरुरत पड़ रही है। डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था होने के बाद ही च्वाईस सेंटर का सही रुप से संचालन शुरु हो सकेगा।

**गांव में है दक्ष शिक्षित बेरोजगार**

ग्रामीण अंचलों में तकनीकी रुप से दक्ष शिक्षित बेरोजगार मौजूद हैं। जिनकी अस्थायी रुप से भर्ती कर च्वाईस सेंटर शुरु किया जा सकता है। इसके लिए सहकारी समितियों के संचालन मंडल के प्रस्ताव की जरुरत होती है। 20 समितियां ऐसी है जिनमें संचालक मंडल तो बना है किंतु अध्यक्ष मनोनयन नहीं होने से कर्मचारी रखने के संबंध में विभाग के प्राधिकृत अधिकारी के रुप निर्भर रहना पड़ता है। इसके लिए कोई पहल नहीं की जाती। यही कारण है कि एक ऑपरेटर के भरोसे ढाई महीने की धान खरीदी, धान बीज के भंडारण के साथ केसीसी बनाने का काम होता है। जिसकी वजह से च्वाईस सेंटर की सुविधा किसानों को नहीं मिल पा रही है।

**इन बड़ी समितियों में मिल रही सुविधा**

च्वाईस सेंटर जैसी सुविधा महज चुनिंदा बड़ी सहकारी समितियों में मिल रही है। भैसमा, रामपुर के अलावा छुरी, सुखरीकला, फरसवानी, पाली, पोड़ी उपरोड़ा जैसे ब्लॉक मुख्यालय में संचालित सहकारी समितियों में ही च्वाईस सेंटर जैसी सुविधाएं किसानों को मिल पा रही है। वह सुविधा भी एक ऑपरेटर के भरोसे चलने के कारण कई बार च्वाईस सेंटर का काम बंद होने की स्थिति में आ जाता है। समितियों में ही च्वाईस सेंटर शुरु होने से ग्रामीण अंचलों के स्कूल के छात्र छात्राओं को सुविधा मिल गई है।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर आसपास के लोग भारी संख्या में मौके पर जा धमके। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को उठाने से इनकार कर दिया और चक्काजाम शुरु कर दिया। पुलिस दुर्घकारित वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के सेमीपाली के समीप देर रात घटित हुई है। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार पुरुषोत्तम पटेल उम्र 35 वर्ष व अयोध्या पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी बरीडीह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल से शव को उठाने से इनकार कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को रखकर चक्काजाम शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश का प्रयास किया। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए विंगर वाहन को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे दो शिक्षिकाओं की मौत हो गई थी और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे।

# ठेका श्रमिकों ने साइलो में रोका कोल रेक एनटीपीसी में सात घंटे कोयला आपूर्ति बाधित



कोल रेक रोकने के दौरान धरना प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आश्वासन के बाद भी मांगों को पूरा नहीं करने से आक्रोशित हेम्स कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल दीपका खदान के सायलो में रेक को रोक दिया। श्रमिकों के आंदोलन की वजह से लगभग 7 घंटे तक दीपका से एनटीपीसी को की जाने वाली कोयला आपूर्ति बाधित रही। ठेका श्रमिकों ने आरोप लगया है कि एसईसीएल प्रबंधन व हेम्स कंपनी ने पूर्व में बैठक के दौरान मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, बावजूद अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। यही वजह है कि मजबूरी में रेक रोकना पड़ा है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका खदान में कार्यरत हेम्स कंपनी के ठेका श्रमिकों ने शुक्रवार की सुबह 8 बजे सायलो में लोड होने वाले रेक को रोक दिया है, जिससे एनटीपीसी जाने वाली रेलवे रेक दोपहर 3 बजे से लगभग 7 घंटे तक बाधित रहा। एसईसीएल प्रबंधन व हेम्स कंपनी द्वारा मांगों को लेकर सहमति जताने के बाद भी उसे पूरा नहीं करने से आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने आखिरकार कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ठेका श्रमिकों ने बताया है कि हेम्स एण्ड जेएमएटीसी एसोसिएट नामक निजी कम्पनी व एसईसीएल दीपका प्रबंधन के साथ ठेका श्रमिकों की 5 जून को त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। त्रिपक्षीय वार्ता में चर्चा के दौरान एसईसीएल प्रबंधन व हेम्स कंपनी ने दस दिनों के भीतर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके डेढ़ माह गुजरने के बाद भी हेम्स एण्ड जेएमएटीसी एसोसिएट ठेका कम्पनी के द्वारा मजदूरों को गुमराह किया जा रहा है। कंपनी ने अब तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना महाप्रबंधक को दी गई थी। आंदोलनरत सभी ठेका श्रमिक दीपका खदान के साइलो एवं सीएचपी में कार्य पर नियोजित हैं। इनके 7 सूत्रीय मांगों के संबंध में एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा 5 जून को मांगों को पूरा करने का निर्देश दिया गया था। 14 पुराने मजदूरों को कार्य पर अब तक नहीं रखा गया है। इसके अलावा महीने में 4 छुट्टी एवं उसके पेमेन्ट के साथ राष्ट्रीय छुट्टी का डबल पेमेंट, 26 डयूटी करने पर 30 दिनों का पेमेंट, 30 दिन काम करने पर 34 दिन का पेमेंट दिए जाने, समान काम पर समान वेतन दिए जाने, सभी मजदूरों को मेडिकल सुविधा के लिए ईएसआईसी कार्ड बनाने की मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि हड़ताल का पत्र देने के बाद कंपनी द्वारा 2 महीने का पीएफ भी मजदूरों के खाते में जमा नहीं किया गया है। पिछले माह का वेतन मिल जाने के पश्चात भी हाजरी कार्ड एवं वेतन पर्ची नहीं दिया गया है। मजदूरों को जबकि मिनटस कॉपी में देने के लिए निर्देशित किया गया था और सभी मांगों को पूरा किये जाने के लिए फैसला लिया गया था, मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका मजदूरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

**खास बातें**

- एसईसीएल दीपका खदान के हेम्स कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिकों का मामला
- आश्वासन के बाद भी मांगों को पूरा नहीं करने से आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा

## स्कूल बैग में शराब भरकर हो रही थी तस्करी, गिरफ्तार



**कोरबा।** शराब की तस्करी करने वाले तस्कर इतने शातिर हो चुके हैं कि क्षेत्र में शराब खपाने के लिए बाकायदा स्कूल बैग में शराब भरकर खपाने का गोरखधंधा कर रहे थे। जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस ने शराब की तस्करी करने वाले तस्कर को रंगेहाथों धरदबोचा है और स्कूल बैग में रखे बड़े पैमाने पर शराब की खेप जप्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में आबकारी विभाग के खिलाफ विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस बीच उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक युवक बरपाली से सण्डेल की ओर प्लसर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 3174 में अवैध शराब लेकर जा रहा है। बाइक चालक को ग्राम ढनढनी के पास घेरा बंदी कर पकडा गया जिसके पास नीले रंग के बैग में देशी पाव प्लेन शराब शोले 28 नग एवं अंग्रेजी पाव जम्मू 5 नग कुल 5.940 लीटर शराब जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है तथा आरोपी से प्लसर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 3174 को जप्त कर लिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश तिवारी, प्र.आर. रामू कुर्मी, आरक्षक प्रेमचंद साहु, आरक्षक उमेश मैसना की सराहनीय भूमिका रही।

### युवक नदी में बहा वृद्ध की डूबने से मौत

**कोरबा।** जिले में हो रही झमाझम बारिश की वजह से जहां एक युवक नदी के तेज बहाव में बह गया तो एक 60 वर्षीय वृद्ध को मिर्गी का दौरा पड़ने से वह पानी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई है। उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरीखुर्द निवासी 32 वर्षीय राजेश नामक युवक अपने दोस्तों के साथ गांव के समीप स्थित सोन नदी में गया हुआ था। इस बीच बीती रात को क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश की वजह से सोन नदी का जलस्तर पहले से ही काफी बढ़ा हुआ था और रात को बारिश की वजह से पानी का बहाव और तेज हो गया और राजेश पानी के तेज बहाव में बह गया। परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे रहे। उरगा पुलिस को सूचना दी गई है और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस तरह दूसरी घटना कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा चौकी मोहल्ला हाथीडेरा निवासी भुवनेश्वर प्रसाद साहू उम्र लगभग 60 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक को मिर्गी की बीमारी थी और बीती रात 10 बजे के आसपास अपने घर से निकला था। सुबह जब लोगों ने देखा कि वह घर से कुछ दूर रास्ते में एक छोटे से गड्ढे में मुंह के बल पानी में डूबा हुआ पड़ा था तो उन्होंने इसकी सूचना मृतक के घरवालों को दी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन ने रिश्वत रोकने उठाया कदम

# पीएफ और पेंशन संबंधी दावों के निपटारे के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पीएफ और पेंशन संबंधी दावों के निपटारे के लिए अगर कोई रिश्वत की मांग करता है या फिर अन्य कोई गड़बड़ी करता है तो इसकी शिकायत के लिए सीएमपीएफओ की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 92110 53010 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर जारी करने का मुख्य उद्देश्य पीएफ और पेंशन संबंधी मामलों के निराकरण में पारदर्शिता लाना है।

कोल इंडिया और इसके अनुषांगिक कंपनियों के पेंशनर्स और पीएफ मेंबर्स की सहूलियत के लिए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अगर कोई पीएफ और पेंशन भुगतान के दावों के लिए किसी भी तरह से रिश्वत की मांग करता है, किसी भी तरह की गड़बड़ी और भ्रष्टाचार करता है तो संबंधित सीएमपीएफओ से जारी उक्त हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की ओर से तत्काल इसका निपटारा किया जाएगा। कोयला कर्मचारियों के पेंशन और पीएफ दावों के निराकरण में अक्सर गडबडियां और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें कोयला कर्मचारियों व पेंशनर्स के बीच चर्चा का विषय रहता है। कई बार पेंशनर्स और पीएफ मेंबर्स को इसके कारण खासी परेशानियों का सामना करना पडता है। लंबे समय तक दावों का निपटारा नहीं हो पाता है। लेकिन अब पेंशनर्स और पीएफ सदस्यों को इस तरह की समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने शिकायत के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसमें पीएफ और पेंशन दावों के निपटारे से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की गडबडी, भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी की शिकायत इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से संबंधित लोग कर सकेंगे। सीएमपीएफओ ने हाल ही में पेंशन और पीएफ दावों के भुगतान की सहुलियत, पीएफ व पेंशन की रियल टाइम जानकारी के लिए सी-केयर एप लॉच किया था। इसी कड़ी में अब भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर लगाम कसने के लिए पीएफ मेंबर व पेंशनर्स के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। सीएमपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त (शिकायत विभाग) एन.के. मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पेंशन या पीएफ दावे के मामलों में अगर किसी भी तरह से रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की शिकायत उक्त हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त होती है, तो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उस दावे का जल्द से जल्द निपटारा करना अनिवार्य होगा।



# वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

## लाइफ Style



# कियारा
## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम

एजेंसी ⏭ मुंबई

कियारा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की कियारा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो कियारा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने कियारा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ कियारा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं कियारा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने कियारा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि कियारा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में कियारा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक कियारा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



# हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



# इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



# भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

# टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी।



जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

# तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम



**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।

# रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी** : *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय** : सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।

**कमजोरी** : कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

## कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड
# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*

## खबर संक्षेप

### जिला शिक्षा अधिकारी ने आत्मानंद स्कूल के प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान



**डभरा।** राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति (एनएमएमएसई) की परीक्षा में स्वामी आत्मानंद स्कूल डभरा 5 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिले के चयनित सभी छात्र छात्राओ को सक्ती के कन्नौजिया राठौड़ सामुदायिक भवन के कार्यक्रम में कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तति पत्र तथा मोमेंटो से सम्मानित किया गया। आत्मानन्द डभरा के चयनित कक्षा 8वीं के छात्रों में दीक्षा साहू, कृष्णा साहू, लक्ष्य मैत्री, आयुषी बंजारे तथा गीतेश कुमार नेताम शामिल हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में मेधावी छात्रों को बारह हजार रुपये की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाती है। यह छात्रवृति प्रत्येक चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक वर्ष प्रदान किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य हेमचरण पटेल ने बताया कि प्रधान पाठक विजयलक्ष्मी ठाकुर और शुभम पांडे के मार्गदर्शन में कक्षा आठवीं के इन छात्रों को स्पेशल क्लास के तहत एकीकृत तैयारी करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन स्कूल के लिए अच्छा शुरुआत है। भविष्य में और अधिक से अधिक छात्रों के चयन का प्रयास करेंगें।

### मॉडर्न हाई स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया हरेली तिहार



**हसौद।** मॉडर्न हाई स्कूल हसौद में हरेली तिहार पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और पौधरोपण से हुई। छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर सुंदर प्रस्तुति दी और हरेली तिहार से जुड़ी परंपराओं की जानकारी दी। किसानों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने बैलगाड़ी सजाकर प्रदर्शित की। साथ ही, पारंपरिक खेल जैसे गेड़ी दौड़, रस्सी कूद और कुर्सी दौड़ का भी आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमान पंडित नाग ने बच्चों को हरेली तिहार के महत्व के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी को अपने जीवन में पेड़-पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन ओमती और कविता मेम ने की। पूरे आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही।

### भदरी चौक से गुजरने वाले भारी वाहनों की चपेट में आ रहे मवेशी



**फगुरम।** औद्योगिक कंपनियों की भारी वाहनों द्वारा गोवंश को लगातार कुचले जाने की घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए गोपाल गौ सेवा समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। समिति ने भदरीचौक से होकर गुजरने वाली पॉवर प्लांटों की गाड़ियों की नियमित चेकिंग की मांग की है। समिति ने ज्ञापन में बताया कि कंपनियों की ओर से संचालित भारी वाहनों जैसे डीबी पावर प्लांट, एथेना वेदांता पवार प्लांट, आरकेएम पवार प्लांट द्वारा आए दिन सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को कुचले जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। समिति ने आरोप लगाया है कि 50 प्रतिशत गाड़ियां बिना नंबर के चल रही हैं, जिससे उनके वाहनों की पहचान तक नहीं हो पाती। उन्होंने ऐसे वाहन चालकों पर कठोर कार्यवाही करने एवं पुलिस द्वारा नियमित जांच अभियान चलाया जाने की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि इस दिशा में शीघ्र पहल नहीं होने पर सामूहिक रूप से चक्काजाम और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### एक पेड़ मां के नाम, शाला परिसर में लगाए गए पौधे



**पोता-मालखरौदा।** एक पेड़ मां के नाम 25 जुलाई को शाला परिसर में पौधरोपण कर सुरक्षा का संकलप लिया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनबोध राज द्वारा व प्राथमिक शाला ननकी पोता ,माध्यमिक शाला पोता के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती सुभाषिनी भगत माध्यमिक शाला, प्रधान पाठक प्राथमिक श्रीमती सरिता पंकज परमेश्वरी गवेल, श्रीमती श्रीमती उर्मिला गवेल ,श्रीमती पुष्पलता गवेल, प्रेमलाल धिरहे व शैलेंद्र मरावी के अलावा बड़ी संख्या में स्कूल छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, देश की आन - बान और शान के लिए मर मिटने का लिया संकल्प

# वीर सपूतों ने की अदम्य साहस दिखाकर देश की रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं एवं अन्य।

ज्ञानोदय कालेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के संचालक डॉ. सुरेश यादव, समस्त प्राध्यापक अमित कुमार उपाध्याय,श्रीमती चंचला मिश्रा, श्रीमती नेहा शर्मा, कु. अनुसुइया बंजारे और सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा भारत के शहीद वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

डॉ .सुरेश यादव द्वारा बताया गया कि 1999 का वह दिन जब भारत माता के वीर सपूतों ने अदम्य साहस दिखाकर देश की रक्षा की , कठिनाई और विषम हालातों में हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर दुश्मन को पीछे हटने पर मजबूर किया। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि सच्ची देशभक्ति निडरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण से होती है। हम सबका कर्तव्य है कि हम उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दे और एक जिम्मेदार नागरिक बने। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रशिक्षार्थियों द्वारा कविता पाठ और नाटक का मंचन किया गया जिसमें सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा बढ़ - चढकर भाग लिया गया। उन्होंने देश की आन - बान और शान के लिए मर मिटने का संकल्प भी लिया, जो मिट गए वतन के लिए, याद उन्हें हर पल करते हैं, कारगिल के उन वीरों को , हम दिल से नमन करते है। इन्हीं पंक्तियों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## तिरंगे की आन बान और शान के लिए दिया बलिदान

**पामगढ़।** एन एस एस इकाई द्वारा विद्या निकेतन उ माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार साहू भूतपूर्व सैनिक कारगिल युद्ध उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालक नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि राजकुमार साहू ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार बर्फीली पहाड़ों घुसे दुश्मन देश के सैनिकों को हमारे भारतीय जवानों ने मार भगाया और अपने तिरंगे की आन बान और शान के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमें ये कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारे असली हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा, मनोज कुमार पाण्डेय, वीरेंद्र यादव, आदि वीर जवान है देश के लिये जो कुछ उनके द्वारा किया गया। उनका हमे सम्मान करना चाहिए और देश के लिए आवश्कता पढ़ने पर हर संभव हमे कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का योगदान रहा। इस मौके पर कारगिल युद्ध की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया ताकि बच्चों को उस समय की घटना का क्रम का बोध हो सके।




## एनससीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने कारगिल के शहीदों को किया नमन

**अकलतरा।** श्री ऋषभदेव विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल अकलतरा के एनसीसी एवं एनएसनएस के छात्र छात्र-छात्राओं के द्वारा कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के संचालक जेके जैन ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था,जो लगभग 84 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजयी हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु मनाया जाता है। 26 जुलाई से कारगिल युद्ध को 26 साल पूरे हो गए हैं। इसी दिन भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर युद्ध में विजय मिली थी। कार्यक्रम की शुरुआत में सहायक प्राध्यापक राहुल राठौर के द्वारा बच्चों को कारगिल विजय दिवस के महत्व को समझाया गया। और साथ ही साथ यह बताया गया कि 3 मई 1999 ये वो तारीख है जब हिन्दुस्तान को इस घुसपैठ का पता चला। दरअसल, कुछ स्थानीय चरवाहों ने भारतीय सेना के लोगों को इसके बारे में बताया। इसके बाद शुरू हुआ तनाव और संघर्ष लगभग 84 दिन चला। 26 जुलाई 1999 को भारत को जीत मिली।



साथ ही भारत पाकिस्तान के बीच मतभेद के कारणों को भी बताया गया। छात्र-छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस के बारे में जानकारी प्राप्त की और इस तरह से आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अंकित जैन सचिव, डॉ. अरविंद मिरी, डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, डॉ राकेश सोनी, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान, दुर्गा टण्डन, श्रीमती श्वेता सिंह चंदेल, श्रीमती संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, प्रभात कश्यप, नागेंद्र कुमार जांगड़े, भूपेन्द्र कुमार, चंद्ररुपा कश्यप, अशोक पाण्डेय, श्रीमती सुनीता पाण्डेय, पायल दास, रश्मि मरकाम, कृष्णकांत चंद्राकर, समरीन मिर्जा, मनीष गंधर्व, सोनम साहू, संजना भास्कर, अर्जुन दास मोहले, आकाश दास, नीरज निर्मलकर, बृजनंदन पटेल, द्वाशराम कश्यप, राजेश कश्यप, छात्र/छात्राएं एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**राहौद।** नगर के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा पश्चात सेवानिवृत्त व्याख्याता एम सी देवांगन ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के संबंध में जानकारी देते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया। संस्था प्राचार्य पीएल कौशिक ने भारत विभाजन एवं स्वतंत्रता पश्चात देश के एकीकरण के संबंध में प्रकाश डालते हुए भारत पाकिस्तान के बीच कारगिल सहित चार युद्धो की जानकारी दी एवं बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों में हमारे देश के वीर सपूतों ने आज के दिन ही ये दिल मांगे मोर का नारा देने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा के नेतृत्व में 60 दिनो बाद विजय श्री प्राप्त किया। कार्यक्रम में आर के साहू, सी पी साहू व्याख्याता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## नागपंचमी पर कैथा के बिरतिया बाबा में लगेगा मेला, दूर-दूर से पहुंचेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागपंचमी के पावन पर्व पर हसौद के समीप स्थित कैथा गांव में 29 जुलाई को बिरतिया बाबा पूजन एवं नागपंचमी मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच, पंचगण समेत गांव के लोग इस आयोजन को सफल बनाने तैयारी में जुटे हैं। नागपंचमी के दिन बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु कैथा के बिरतिया बाबा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना, दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगेंगे।

कैथा के मेला प्रांगण में नागपंचमी के दिन भव्य मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विरितिया बाबा के पूजन के साथ-साथ नागपंचमी पर्व को सामाजिक और धार्मिक समरसता के साथ मनाना है। आयोजक समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा का दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें एवं मेला महोत्सव का आनंद लें। गांव में स्थित बिरतिया बाबा मंदिर की बड़ी मान्यता है कि यहां सांप



बिच्छू के दंश से पीड़ितों को नया जीवन मिलता है, ऐसी मान्यता है कि गांव की मिट्टी खिलाने से सांप बिच्छू के दंश से पीड़ितों को रहता ही नहीं मिलता बल्कि वे ठीक भी हो जातें है। सांप बिच्छू के दंश से शरीर में फैला जहर मिट्टी खाने के बाद समाप्त हो जाता है और पीड़ित को नवजीवन मिलता है। नागपंचमी के दिन गांव के बिरतिया बाबा मंदिर में विशेष पूजा अर्चना होती है दूर दराज क्षेत्रों के श्रद्धालु हाथ में नारियल अगरबत्ती लेकर बिरतिया बाबा मंदिर पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं।

## टेम्पल सिटी में श्रावण झूला आज से

**शिवरीनारायण।** चित्रोत्पला गंगा के पावन त्रिवेणी संगम तट पर युग युगांतर से विराजित भगवान शिवरीनारायण की पावन धारा में श्रावण झूला महोत्सव श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया तदनुसार 27 जुलाई से श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 9 अगस्त तक आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार झूला का शुभारंभ 27 जुलाई रविवार को शाम 5 महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज पूजा अर्चना के साथ करेंगे। यह झूला प्रत्येक दिवस शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण में प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में श्रवण झूले का आयोजन परंपरागत रूप से होता है। यहां नगर के सभी मंदिरों में झूला सजाकर भगवान की सेवा की जाती है। लोग दूर -दराज के क्षेत्रों से श्रावण झूला के अवसर पर भगवान का दर्शन करने के लिए यहां आते हैं और भगवान का दर्शन करके अपना जीवन धन्य बनाते हैं।

## खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिएः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नगर के पंडित दीनदयाल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने फुटबॉल फेंसिंग एवं तैराकी में अपने

- **पंडित दीनदयाल स्टेडियम में जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन**

प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, वार्ड नंबर 6 के पार्षद मुरलीधर मिश्रा, वार्ड नंबर 20 के पार्षद राज सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिवाकर राणा ने कहा कि खेल में एक टीम को विजय और दूसरी टीम को पर पराजय का सामना करना पड़ता है। हार से निराश नहीं होकर खिलाड़ियों को कठिन परिश्रम कर अगले वर्ष प्रतियोगिता में प्रथम आने का प्रयास करना चाहिए। मुरलीधर मिश्रा ने कहा कि शरीर को तंदरुस्त रखने हमें खेल को अपने जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। खेल में अनुशासन और टीम भावना का विशेष महत्व होता है। अनुशासन में रहकर हम अपनी टीम को विजय दिला सकते हैं। कार्यक्रम को राज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आर केपी तिवारी ने किया। आभार प्रदर्शन ब्लॉक कीड़ा प्रभारी संजय कुमार यादव ने किया।जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक 19 वर्ष में पामगढ़ में प्रथम स्थान और अकलतरा ने द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग में अकलतरा ने प्रथम व पामगढ़ ह ने ने द्वितीय, , तैराकी तैराकी प्रतियोगिता प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग में अकलतरा ने प्रथम पामगढ़ ने द्वितीय, वाटर पोलो में पामगढ़ प्रथम अकलतरा द्वितीय व फेंसिंग प्रतियोगिता में अकलतरा ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संदीप सिंह अखिलेश कौशिक, प्रीति भारद्वाज, यूसुफ खान व खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



उपस्थित अतिथि एवं खिलाड़ी।

## आपदा से बचाव के लिए दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में शारीरिक स्वच्छता,हाथ धोने की तकनीक,मौसमी बीमारियों (सर्दी, खांसी, बुखार, दस्त, पीलिया) से सतर्क रहने एवं बचाव के उपाय, विद्यार्थियों को साबुन एवं पानी से हाथ धोने के विभिन्न चरणों को व्यवहारिक रूप में शिक्षक पीतांबर प्रसाद कश्यप,टीकाराम गोपालन, अनुपमा जांगड़े द्वारा बताया गया।

एकादशिया मांझी, कैलाश खूंटे व कौशल यादव ने बच्चों को बताया कि गंदे हाथों से फैलने वाली बीमारियों,घरेलू स्वच्छता,पेयजल की शुद्धता,बच्चों के साफ-सफाई व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना,दस्ताने व मास्क के उपयोग,संक्रमण से बचाव के उपाय,पौधे का संरक्षण हेतु जरूरी उपायों के भी जानकारी दी गई। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपेक्षित आपदाओं-विपदाओं से बचाव व सुरक्षा हेतु जानकारी प्रभारी प्रधानपाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि बच्चों में आपदाओं के जोखिमों की पहचान और उनके कुप्रभावों को कम करने के उपाय की समझ व क्षमता विकसित करना, शाला परिसर को आपदा जोखिम से सुरक्षित रखना,बच्चों के माध्यम से राज्य में आपदाओं से सुरक्षा की संस्कृति विकसित करना,छोटे-बड़े आपदा-विपदा प्राकृतिक-आपदा पर त्वरित कैसे प्रयास करें ताकि बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके,शिक्षकों को पूर्व तैयार रहने को प्रेरित किया गया। साथ ही आपदा एवं विपदाओं से कैसे सुरक्षित रह सके बारीकी से बताया गया।



आपदा से बचाव के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करते बच्चे।

## हसदेव पब्लिक स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल द्वारा संचालित हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा के निर्देशन पर सीसीए के अंतर्गत 1999 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए, अमर देश भक्तों को श्रद्धा - सुमन अर्पित करते हुए, उनकी याद में स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

जिसमें कक्षा - नर्सरी से कक्षा - के. जी.2 तक ड्राइंग एवं कलरिंग प्रतियोगिता, कक्षा पहली से कक्षा दूसरी तक कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्कूल के विवेकानंद सभागृह में कक्षा - तीसरी से कक्षा - दसवीं तक इन्टर हाउस एकल देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता तथा स्कूल के इनडोर बैडमिंटन हाल में कक्षा - ग्यारहवीं से कक्षा - बारहवीं तक 'सैनिकों का बलिदान' थीम पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के सभी बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल की उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, मैनेजर जवाहर लाल यादव, शिक्षक - शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं समस्त छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को जानकारी देती शिक्षिका।

## रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वालों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालदेवरी

महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सड़क सुरक्षा, सायबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने करनौद में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया( मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप मौजूद रहे।

बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत करनौद में भारती जनसेवा संघ के तत्वावधान में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप, विशिष्ट अतिथि रणधीर पाण्डेय,श्रीमती राजेश्वरी भुवन कुम्हार सभापति जनपद पंचायत बम्हनीडीह, शैलेन्द्र डडसेना सरपंच प्रतिनिधि, भरत लाल साहू जनपद पंचायत बम्हनीडीह,शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप ने सायबर ठगी,रकम दुगुनी का झांसा देकर ठगी करने वालों से सावधान रहने कि अपील की। साथ ही आजकल सायबर ठगों द्वारा डिजिटल अरेस्ट के नाम पर पुलिस आफिसर बनकर विडियो कॉल के माध्यम से पैसे की डिमांड की जाती हैं तो इसकी सूचना तत्काल अपने नजदीकी थाने में देने कि अपील की। विशिष्ट अतिथि राजेश्वरी भुवन कुम्हार ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया साथ ही पर्यावरण संरक्षण करने ग्रामीणों को पेड़ लगाने की अपील की। वही बिर्रा थाना प्रभारी जयकुमार साहू ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन करने अपील कि,साथ ही राहवीर योजना कि जानकारी देते हुए बताया कि अक्सर देखने को मिलता है कि एक्सीडेंट होने पर लोग पुलिस कि डर से घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाते,समय में अस्पताल नहीं पहुचने पर कई कि मौत हो जाती है,वही सरकार राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में पीड़ित कि जान बचाने वाले को 25 हजार देकर प्रोत्साहित करेगी साथ ही पुलिस उसे बयान देने बाध्य नही कर सकती। वही कार्यक्रम का संचालन दुर्गाप्रसाद डडसेना ने किया। इस दौरान रणधीर पाण्डेय,उर्मिला भारती,डॉक्टर बरेठ,एस एन जलतारे , पंचराम तंबोली, मनीष पटेल, घन्नू डडसेना, तुलेश्वर पटेल, भोले तिवारी, मनुराज सिसोदिया, शत्रुहन पटेल सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

- **करनौद में जन जागरूकता अभियान का आयोजन**




जागरुकता शिविर में मंचस्थ अतिथिगण।




